# अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश
## Atal Bihari Vajpayee Medical University, Uttar Pradesh

# सूचना बुलेटिन

## कॉमन एलाइड एवं हेल्थकेयर प्रवेश–2026
### स्नातक पाठ्यक्रम के लिए
### शैक्षणिक सत्र : 2026–27

एबीवीएमयू से सम्बद्ध समस्त सरकारी/प्राइवेट एलाइड एवं हेल्थकेयर महाविद्यालयों

एवं

एसजीपीजीआईएमएस लखनऊ, केजीएमयू लखनऊ व यूपीयूएमएस सैफई के लिए

1. बैचलर ऑफ मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एमएलएस)
2. बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी.ओपीटीओएम)
3. बैचलर ऑफ एनेस्थीसिया एण्ड ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.एओटीटी)
4. बैचलर ऑफ मेडिकल रेडियोलॉजी एण्ड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (बी.एमआरआईटी)
5. बैचलर ऑफ आडियोलॉजी एण्ड स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजी (बी.एएसएलपी)
6. बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी (बी.पीटी)
7. बैचलर ऑफ ऑक्यूपेशनल थेरेपी (बी.ओटी)
8. बैचलर ऑफ रेडिएशन थेरेपी टेक्नोलॉजी (बी.आरटीटी)

| | |
|---|---|
| • आवेदन–फॉर्म की उपलब्धता (ऑनलाइन) | : 02 मई 2026 (शनिवार) |
| • आवेदन की अन्तिम तिथि | : 05 जून 2026 (शुक्रवार) रात 11:59 बजे तक |
| • फॉर्म संशोधन विण्डो* | : 30 मई 2026 से 05 जून 2026 रात 11:59 बजे तक |
| • मेरिट की घोषणा | : वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी |

*फॉर्म में संशोधन की अनुमति केवल सीमित प्रविष्टियों के लिए होगी

**Website** - www.abvmuup.edu.in

**Email** - cahetup26gmail.com

**Helpline Contact No:** 9889383779, 9889383797 (10:00 AM-6:00 PM)

# अनुक्रमणिका



| क्र0सं0 | विषय सूची | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य सूचना | 4 |
| 2. | महत्त्वपूर्ण सूचना<br>• पंजीकरण शुल्क<br>• पात्रता मापदण्ड<br>  • आयु<br>  • न्यूनतम शैक्षिक योग्यता<br>• आरक्षण नीति | 5–6 |
| 3. | ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म भरने के लिए अभ्यर्थियों को निर्देश | 7 |
| 4. | ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म भरने के चरण : फ्लो चार्ट | 8 |
| 5. | पंजीकरण फॉर्म भरने के चरण<br>• चरण 1 : अभ्यर्थी पंजीकरण<br>• चरण 2 : लॉगिन एवं पंजीकरण फॉर्म भरना<br>  • प्रक्रम 1 : व्यक्तिगत विवरण<br>  • प्रक्रम 2 : पता<br>  • प्रक्रम 3 : शैक्षिक योग्यताएँ<br>  • प्रक्रम 4 : फोटो और हस्ताक्षर<br>  • प्रक्रम 5 : पंजीकरण फॉर्म का पूर्वावलोकन<br>• चरण 3 : शुल्क भुगतान<br>• चरण 4 : अन्तिम फॉर्म सबमिशन | 9–13 |
| 8. | मेरिट<br>• मेरिट की घोषणा<br>• मेरिट–सूची<br>• समान अंक प्राप्त करने में मेरिट का निर्धारण<br>• काउन्सलिंग प्रक्रिया<br>• प्रवेश | 14 |

# सामान्य सूचना

अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, उ0प्र0, लखनऊ **(एबीवीएमयू)** द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए एलाइड एवं हेल्थकेयर स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउन्सिलिंग का आयोजन निम्नलिखित के लिए किया जा रहा है :

a) **एबीवीएमयू से सम्बद्ध समस्त सरकारी / प्राइवेट एलाइड एवं हेल्थकेयर महाविद्यालयों के लिए**

b) **एसजीपीजीआईएमएस, लखनऊ**

c) **केजीएमयू, लखनऊ**

d) **यूपीयूएमएस, सैफई**

1. एलाइड एवं हेल्थकेयर स्नातक पाठ्यक्रम में उपरोक्त संस्थाओं / विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए सभी प्रवेश काउन्सिलिंग के माध्यम से होंगे, जो 12वीं कक्षा की परीक्षा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान (पीसीबी) में प्राप्त कुल अंकों की मेरिट पर आधारित होंगे। बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री / बी. एएसएलपी के लिए, 12वीं कक्षा की परीक्षा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान / गणित / कंप्यूटर विज्ञान / सांख्यिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स / मनोविज्ञान में प्राप्त कुल अंकों की मेरिट पर आधारित होंगे। उपरोक्त के अतिरिक्त सीधी भर्ती नहीं ली जायेगी।
2. पंजीकरण **फॉर्म केवल ऑनलाइन माध्यम द्वारा भरे जायेंगे।**
3. पंजीकरण **फॉर्म डाक अथवा अन्य किसी माध्यम द्वारा स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**
4. शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए एलाइड एवं हेल्थकेयर स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पंजीकरण फॉर्म **02 मई 2026 (शनिवार)** से विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.abvmuup.edu.in पर उपलब्ध होंगे।
5. केवल पूर्ण रूप से भरा पंजीकरण फॉर्म ही स्वीकार किया जायेगा।

# महत्त्वपूर्ण सूचना

## पंजीकरण शुल्क

1. **अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग (यूआर/ओबीसी) के अभ्यर्थियों लिए पंजीकरण शुल्क रु0 750/– और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी)/पीडब्लूडी के अभ्यर्थियों लिए प्रवेश पंजीकरण शुल्क रु0 500/– निर्धारित है।**
2. अभ्यर्थी के फॉर्म भरने के साथ पंजीकरण शुल्क ऑनलाइन जमा होगा।
3. पंजीकरण शुल्क जमा होने के पश्चात् वापस नहीं किया जायेगा और किसी भी अन्य परीक्षा के लिए शुल्क हस्तांतरणीय नहीं है।

## पात्रता मापदण्ड

- **आयु :–** प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 31 दिसम्बर, 2026 को या उसके पूर्व न्यूनतम 17 वर्ष होनी चाहिए।
- **न्यूनतम शैक्षिक योग्यता :–**

1. **ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने 12वीं कक्षा की परीक्षा में विज्ञान विषयों भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान विषय में उत्तीर्ण की हो वे सभी एलाइड एवं हेल्थकेयर स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए पात्र होंगे**, बशर्ते कि उन्होंने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान (पीसीबी) में न्यूनतम **50 प्रतिशत** अंक प्राप्त किए हों और अभ्यर्थी को अंग्रेजी विषय में उत्तीर्ण होना चाहिए।
2. **अभ्यर्थी ने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा की परीक्षा में विज्ञान विषयों भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित के साथ उत्तीर्ण की हो** तथा भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित (पीसीएम) में न्यूनतम **50 प्रतिशत** अंक होने चाहिए और अभ्यर्थी को अंग्रेजी विषय में उत्तीर्ण होना चाहिए, **ऐसे अभ्यर्थी केवल निम्नलिखित एलाइड एवं हेल्थकेयर स्नातक पाठ्यक्रम के लिए पात्र हैं–**
   a. बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री
   b. बैचलर इन ऑडियोलॉजी एण्ड स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजी
3. अभ्यर्थी ने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा की परीक्षा **में विज्ञान विषयों भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान/सांख्यिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स/मनोविज्ञान के साथ उत्तीर्ण की हो** तथा भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और कम्प्यूटर विज्ञान/सांख्यिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स/मनोविज्ञान में न्यूनतम **50 प्रतिशत** अंक होने चाहिए और अभ्यर्थी को अंग्रेजी विषय में उत्तीर्ण होना चाहिए, **ऐसे अभ्यर्थी केवल निम्नलिखित एलाइड एवं हेल्थकेयर स्नातक पाठ्यक्रम के लिए पात्र हैं–**
   a. बैचलर इन ऑडियोलॉजी एण्ड स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजी
4. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) के उम्मीदवारों के लिए, योग्यता परीक्षा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान/गणित/कंप्यूटर विज्ञान/सांख्यिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स/मनोविज्ञान में कुल मिलाकर न्यूनतम अंक 40 प्रतिशत होने चाहिए, जबकि अनारक्षित और सामान्य–ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए यह 50 प्रतिशत है। इसी प्रकार, पीडब्लूबीडी/पीडब्लूडी उम्मीदवारों के लिए, योग्यता परीक्षा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान ( वनस्पति विज्ञान और प्राणी विज्ञान)/गणित/कंप्यूटर विज्ञान/सांख्यिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स/मनोविज्ञान में कुल मिलाकर न्यूनतम अंक 40 प्रतिशत होने चाहिए, जबकि सामान्य श्रेणी में यह 50 प्रतिशत है। सभी श्रेणियों के लिए अंग्रेजी में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
5. राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राज्य ओपन स्कूल अथवा केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूल (एनआईओएस) के द्वारा विज्ञान विषयों तथा अंग्रेजी में उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी पात्र होंगे।
6. कलर ब्लाइंड अभ्यर्थी पात्र हैं, बशर्ते कि ऐसे अभ्यर्थियों ने कलर सुधारात्मक कॉन्टैक्ट लेंस अथवा चश्मा पहना हो।

7. अभ्यर्थियों का चयन मेडिकल फिटनेस के अधीन होगा। किसी भी चयनित अभ्यर्थी को पाठ्यक्रम में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक कि उसे सरकारी मेडिकल कालेज या जिला चिकित्साधिकारी द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा चिकित्सकीय रूप से फिट घोषित न किया जाए।

## आरक्षण नीति :–

1. राज्य सरकार के अनुसार आरक्षण नीति के तहत राज्य सरकार और एनसीएएचपी एक्ट द्वारा निर्धारित सीटों के आधार पर आरक्षण दिया जाएगा।
2. आरक्षण नीति में किसी प्रकार का परिवर्तन होने पर उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के निर्देशों का पालन किया जाएगा।
3. केवल उत्तर प्रदेश सरकार के सक्षम प्राधिकारी (तहसीलदार/एसडीएम) द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र ही स्वीकार्य होंगे। **इन प्रमाण–पत्रों को अधिकारिक सरकारी पोर्टल/वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन सत्यापित किया जाएगा।**
4. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों के अनुसार प्रवेश में 10 प्रतिशत का ईडब्ल्यूएस आरक्षण दिया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार के सक्षम प्राधिकारी (तहसीलदार/एसडीएम) द्वारा जारी वैध प्रमाण–पत्र मान्य होगा। **इन प्रमाण–पत्रों को अधिकारिक सरकारी पोर्टल/वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन सत्यापित किया जाएगा।**
5. 01 अप्रैल, 2026 या उसके बाद जारी वैध ओबीसी (एनसीएल) प्रमाण–पत्र मान्य होगा।
6. 01 अप्रैल, 2026 या उसके बाद जारी वैध ईडब्ल्यूएस प्रमाण–पत्र मान्य होगा।
7. जिला मजिस्ट्रेट से जारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित का प्रमाण–पत्र मान्य होगा।
8. सक्षम प्राधिकारी से जारी वैध भूतपूर्व सैनिक प्रमाण–पत्र मान्य होगा।
9. एनसीसी के लिए निर्धारित प्रारूप पर अधिकृत बटालियन द्वारा निर्गत वैध एनसीसी **"सी" प्रमाण–पत्र ग्रेड–बी** के साथ मान्य होगा। इस श्रेणी के अन्तर्गत एनसीसी 'A' एवं 'B' सर्टीफिकेट धारकों को इस आरक्षण का लाभ नहीं दिया जाएगा।

**नोट :–**

- **सरकारी कॉलेजों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। (अभ्यर्थी के पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत उत्तर प्रदेश का अधिवास प्रमाण पत्र होना चाहिए या अभ्यर्थी ने 10वीं और 12वीं (10+2) दोनों बोर्ड परीक्षायें उत्तर प्रदेश से उत्तीर्ण की हो)।**
- **अल्पसंख्यक और अन्य किसी भी श्रेणी के शैक्षणिक संस्थानों के लिए आरक्षण उत्तर प्रदेश के मानदण्डों/निर्देशों के अनुसार होगा।**
- **केवल भारतीय नागरिक ही प्रवेश हेतु पात्र होंगे।**

# ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म भरने के लिए अभ्यर्थियों को निर्देश

- अभ्यर्थी को ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म भरने से पहले दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए।
- पंजीकरण फॉर्म केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से वेबसाइट www.abvmuup.edu.in के माध्यम से जमा किया जाएगा।
- कोई भी पंजीकरण फॉर्म डाक या किसी अन्य माध्यम से प्राप्त नहीं किया जाएगा।
- अभ्यर्थियों को पंजीकरण फॉर्म पर सही जानकारी देनी होगी। यदि कोई जानकारी कभी भी गलत पाई गई तो अभ्यर्थन/प्रवेश रद्द कर दिया जायेगा।
- एबीवीएमयू से सम्बद्ध समस्त सरकारी/प्राइवेट एलाइड एवं हेल्थकेयर महाविद्यालयों एवं एसजीपीजीआईएमएस लखनऊ, केजीएमयू लखनऊ व यूपीयूएमएस सैफई में एलाइड एवं हेल्थकेयर स्नातक पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश केवल कॉमन एलाइड एवं हेल्थकेयर स्नातक प्रवेश–2026 के माध्यम से होंगे।
- यदि किसी अभ्यर्थी ने प्रवेश प्राप्त करने के उद्देश्य से गलत जानकारी प्रदान की है, तो अभ्यर्थी को भविष्य में प्रवेश से वंचित कर दिया जायेगा।
- **अभ्यर्थी को केवल व्यक्तिगत ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर से ही पंजीकरण करना चाहिए, क्योंकि सभी जानकारी/संचार पंजीकृत ईमेल पते और मोबाइल पर भेजे जाएंगे। सुरक्षा उद्देश्यों के लिए उन्हें अपना पंजीकरण नंबर किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा नहीं करना चाहिए।**
- **पंजीकृत क्रेडेंशियल (ई–मेल/मोबाइल) और पंजीकरण आईडी का उपयोग सभी तरह के संचार में** किया जाएगा। इसकी आवश्यकता मेरिट, काउंसलिंग विवरण, आवंटन पत्र, प्रवेश आदि प्राप्त करने में भी होगी।
- अभ्यर्थी को अपनी पंजीकरण आईडी तथा लॉगिन पासवार्ड नोट करना चाहिए।
- अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म में दी गई किसी भी गलत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।
- पंजीकरण फॉर्म भरते समय अभ्यर्थी अत्यंत सावधानी बरतें। अभ्यर्थी को यह जॉंचना और सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके द्वारा फार्म में दी गयी सभी जानकारी और विवरण सही है।
- पंजीकरण फॉर्म को अंतिम रूप से जमा करने के बाद उसमें कोई परिवर्तन संभव नहीं होगा।
- अधूरे पंजीकरण बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त कर दिए जायेंगे।
- पंजीकरण करने से पहले सत्यापन प्रोफार्मा डाउनलोड करें। डाउनलोड की गई पीडीएफ का ए4 साइज के पेपर में प्रिंटआउट लें और उसे नीले बॉलपॉइंट पेन से अपनी लिखावट में भरें।
- पंजीकरण शुल्क जमा होने के पश्चात् वापस नहीं किया जायेगा और न ही भविष्य की किसी पंजीकरण के लिए हस्तान्तरित किया जायेगा।
- एक बार जमा किए गये पंजीकरण वापस नहीं लिए जा सकेंगे। **अभ्यर्थियों को ध्यान देना चाहिए कि बैंक खाते से शुल्क की कटौती मात्र** शुल्क भुगतान का प्रमाण नहीं है। इसकी पुष्टि भुगतान रसीद के माध्यम से होनी चाहिए।
- आपका पंजीकरण फॉर्म अन्तिम रूप से जमा होने के बाद स्क्रीन पर **"your registration form has been successfully submitted"** संदेश दिखाई देगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आपके पंजीकरण फॉर्म के अंतिम रूप से जमा होने की पुष्टि के लिए आपको यह संदेश प्राप्त हो। जब तक अभ्यर्थी यह संदेश नहीं देख लेता उसे अपना पंजीकरण फॉर्म अन्तिम रूप से जमा नहीं मानना चाहिए।

# ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म भरने के चरण : फ्लो चार्ट

पंजीकरण

↓

लॉगिन एवं पंजीकरण फॉर्म भरना

↓

व्यक्तिगत विवरण

↓

पता

↓

शैक्षिक योग्यताएँ

↓

फोटो और हस्ताक्षर

↓

फॉर्म का पूर्वावलोकन

↓

शुल्क भुगतान

↓

अन्तिम फॉर्म सबमिशन

# पंजीकरण फॉर्म भरने के चरण

## चरण 1 : अभ्यर्थी पंजीकरण

1.1 अभ्यर्थियों को अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट **www.abvmuup.edu.in** पर जाना होगा तथा **Common Allied & Healthcare Undergraduate Admission 2026** के लिंक पर क्लिक करना होगा।

1.2 अभ्यर्थियों को सबसे पहले **Allied & Healthcare Bachelor के लिए *"Register"*** बटन पर क्लिक करके पंजीकरण करना होगा।

1.3 पंजीकरण की प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों को निम्नलिखित जानकारी देनी होगी :

a) प्रथम नाम (कक्षा 10 के प्रमाण–पत्र/अंक–पत्र के अनुसार)

b) मध्य नाम

c) अंतिम नाम

d) पिता का नाम (कक्षा 10 के प्रमाण–पत्र/अंक–पत्र के अनुसार)

e) माता का नाम (कक्षा 10 के प्रमाण–पत्र/अंक–पत्र के अनुसार)

f) जन्म तिथि (कक्षा 10 के प्रमाण–पत्र/अंक–पत्र के अनुसार)

g) लिंग

h) ई–मेल (भविष्य में जानकारी एवं सूचना हेतु वैध ई–मेल)

i) मोबाइल नम्बर एवं वैकल्पिक मोबाइल नम्बर (पंजीकरण संख्या व पासवर्ड की एसएमएस आधारित जानकारी के लिए वैध व सक्रिय नम्बर)

j) व्हाट्सएप नंबर

k) श्रेणी

l) उप–श्रेणी

1.4 अभ्यर्थी को पंजीकरण की भरी हुई जानकारी का पूर्वावलोकन करना चाहिए और पंजीकरण सूचना के अन्तिम प्रस्तुतीकरण से पहले उसकी पुष्टि करना चाहिए।

1.5 **जानकारी की पुष्टि करने के बाद, अभ्यर्थी को उनके पंजीकृत ई–मेल और मोबाइल नं0 पर दो अलग–अलग, सत्यापन ओटीपी प्राप्त होंगे। अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि सही मोबाइल ओटीपी और ई–मेल ओटीपी सबमिट किया गया है। अभ्यर्थी द्वारा सफल पंजीकरण के लिए यह एक अनिवार्य चरण है।**

1.6 **एक मोबाइल नंबर और ईमेल सत्यापित होने के बाद, इसका उपयोग केवल एक पंजीकरण के लिए किया जा सकता है।**

1.7 पंजीकरण के सफलतापूर्वक होने पर अभ्यर्थी को उनके पंजीकृत मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल पर विशेष पंजीकरण आई.डी. संख्या और वन टाइम लॉगिन–पासवर्ड प्राप्त होगा ।

1.8 इस चरण में अभ्यर्थियों द्वारा दिया गया व्यक्तिगत विवरण (चरण–1) पंजीकरण फॉर्म में स्वत: भर जायेगा।

1.9 **पंजीकरण के दौरान प्रस्तुत की गई प्राथमिक जानकारी को बाद में किसी भी चरण में बदला या परिवर्तित नहीं किया जा सकता है। फार्म संशोधन विंडो के समय सीमित क्षेत्र में संपादन की अनुमति होगी।**

## महत्त्वपूर्ण निर्देश :

- पंजीकरण–फॉर्म में अभ्यर्थी का विवरण जैसे नाम, जन्म तिथि, लिंग, माता–पिता का नाम दसवीं कक्षा के प्रमाण–पत्र के अनुसार होना चाहिए। पंजीकरण आई.डी. नम्बर अभ्यर्थी के लिए विशिष्ट पहचान है। इसे सुरक्षित रूप से रखा जाना चाहिए तथा दूसरों के साथ साझा नहीं किया जाना चाहिए।
- यदि कोई अभ्यर्थी अपना पंजीकरण आई.डी. नम्बर भूल जाता है तो वह अधिकारिक वेबसाइट पर **"Forgot Registration Id Number"** पर क्लिक कर अपने पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर एस.एम.एस./ई–मेल के माध्यम से विशिष्ट पंजीकरण आई.डी. नम्बर पुनः प्राप्त कर सकता है।

## चरण 2 : लॉगिन एवं पंजीकरण फॉर्म भरना

2.1 अभ्यर्थी के सफलतापूर्वक पंजीकृत होने के पश्चात् अभ्यर्थी को एप्लीकेशन पोर्टल पर पंजीकरण करने के लिए **Allied & Healthcare Bachelor** के लिए ***"Login"*** बटन पर क्लिक करना होगा।

2.2 **प्रथम लॉगिन** के लिए, अभ्यर्थी को अपना विशिष्ट पंजीकरण आईडी नंबर और वन–टाइम लॉगिन पासवर्ड सबमिट करना होगा, जो पंजीकरण के समय ईमेल/मोबाइल नंबर पर भेजा गया था।

2.3 अभ्यर्थी को सफलतापूर्वक प्रथम लॉगिन के बाद डिफॉल्ट पासवर्ड को परिवर्तित करना अनिवार्य है। बिना डिफॉल्ट पासवर्ड को परिवर्तित किये अभ्यर्थी पंजीकरण फॉर्म भरने और शुल्क भुगतान की प्रक्रिया में आगे नहीं बढ़ पायेगा।

2.4 यदि कोई अभ्यर्थी अपना पासवर्ड भूल जाता है तो वह **"Forgot Password"** पर क्लिक करने के पश्चात अपने पंजीकृत मोबाइल नं0/ई–मेल पर ओटीपी प्राप्त करके दोबारा पासवर्ड रिसेट कर सकता है।

2.5 पंजीकरण फॉर्म भरने के लिए अभ्यर्थी को ***"Fill Form"*** बटन पर क्लिक करना होगा।

2.6 अभ्यर्थी को हर चरण में ***"Save & Next"*** बटन पर क्लिक कर पंजीकरण फॉर्म विवरण को पंजीकरण के प्रत्येक चरण में सुरक्षित करना चाहिए जिससे कि अभ्यर्थी अन्तिम प्रस्तुतीकरण से पहले किसी भी समय इन विवरणों की समीक्षा, अद्यतन या सम्पादन कर सके।

### 2.7 पंजीकरण फॉर्म–प्रक्रम 1 : व्यक्तिगत विवरण

पंजीकरण फॉर्म के पहले चरण में अभ्यर्थी को व्यक्तिगत विवरण भरना होगा। पंजीकरण फॉर्म के इस चरण का अधिकांश विवरण **पंजीकरण चरण के दौरान अभ्यर्थी द्वारा भरे गए पंजीकरण डेटा का उपयोग करके पहले से भरा हुआ होता है।**

### 2.8 पंजीकरण फॉर्म–प्रक्रम 2 : पता

I. इस चरण में अभ्यर्थी को आवासीय विवरण, शहर, राज्य एवं पिन कोड सहित भरना होगा।

II. यदि अभ्यर्थी के पास पत्राचार का अलग पता है तो वह उसे अपडेट कर सकता है, अन्यथा आवासीय एवं पत्राचार पते को एक समान रखने का विकल्प चुन सकता है।

## 2.9 पंजीकरण फॉर्म–प्रक्रम 3 : शैक्षिक योग्यताएं

I. इस चरण में, अभ्यर्थी को प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए पात्रता मानक के अनुसार अपनी शैक्षिक योग्यता का विवरण प्रस्तुत करना होगा। इन विवरणों में 10वीं और 12वीं में प्राप्तांक, पूर्णांक, बोर्ड/स्कूल/कॉलेज का नाम आदि शामिल होंगे, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं होंगे।


II. यदि अभ्यर्थी का 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हुआ है तो उसके पास उस विशेष कक्षा के लिए ***"Appearing"*** का चयन करने का विकल्प होगा। कृपया ध्यान दें कि प्रवेश हेतु पात्र होने के लिए अभ्यर्थी को कॉमन एलाइड एवं हेल्थकेयर स्नातक प्रवेश–2026 की मेरिट घोषित होने से पहले 12वीं कक्षा के प्राप्तांक का अद्यतन करना होगा। इस कार्य के लिए अभ्यर्थियों को 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित होने के तुरन्त बाद अद्यतन का मौका दिया जायेगा और वे पोर्टल पर लॉगिन कर अपने प्राप्तांक भर पाएंगे।

## 2.10 पंजीकरण फॉर्म–प्रक्रम 4 : फोटो और हस्ताक्षर

इस चरण में, अभ्यर्थियों को अपनी पासपोर्ट साइज फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करनी होगी।


### पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ अपलोड करने के लिए दिशा निर्देश :

- फोटोग्राफ में साफ पृष्ठभूमि में सामने से पूरा चेहरा बिना चश्में के होना चाहिए।
- दोनों कान दिखायी देने चाहिए।
- अभ्यर्थी का नाम एवं फोटो लेने की तिथि (DD/MM/YY) को नीचे दिये गये सैम्पल की तरह दर्शाया जाना चाहिए।
- फोटो का प्रारूप (.jpg) 50–200 KB के आकार का होना चाहिए।
- फोटो का आकार पासपोर्ट साइज 4.5 x 3.5 से0मी0 का होना चाहिए।
- अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का चश्मा नहीं पहनना चाहिए।
- अभ्यर्थी को सिर पर किसी भी प्रकार की हैट/कैप नहीं पहननी चाहिए।



### हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दिशा निर्देश/दिशानिर्देश:

- हस्ताक्षर काले बाल प्वाइंट पेन से सीधी लिखावट में होनी चाहिए।
- हस्ताक्षर सफेद बिना लाइन के कागज पर होना चाहिए।
- हस्ताक्षर का प्रारूप (.jpg) में होना चाहिए तथा आकार 50–200 KB के बीच होना चाहिए।
- कैपिटल लेटर में किया गया हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं है।
- अपलोड करने के लिए हस्ताक्षर को स्कैन या फोटोग्राफ किया जाना चाहिए।
- हस्ताक्षर में ओवर राइटिंग नहीं होना चाहिए।




**नोटः–** यदि किसी भी चरण पर यह पाया जाता है कि हस्ताक्षर /फोटोग्राफ जाली है, तो मामले को "अनुचित साधन प्रयोग" माना जायेगा और तदनुसार कार्यवाई की जायेगी।

### 2.11 पंजीकरण फॉर्म–प्रक्रम 5 : फॉर्म का पूर्वावलोकन

I. सभी आवश्यक जानकारी भरने के बाद अभ्यर्थी को ***"Form Preview"*** पर क्लिक करना चाहिए और पंजीकरण शुल्क जमा करने के लिए अगले चरण में जाने से पूर्व भरी गयी सभी जानकारियों को सत्यापित कर लेना चाहिए।

II. ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म के अगले चरण में अभ्यर्थी यह सत्यापित करेंगे कि भरा गया विवरण पूर्णतः सत्य व सही है। घोषणा पर सहमति के लिए दिए गए डेक्लरैशन बॉक्स पर [✓] का चिह्न लगाने के पश्चात् अभ्यर्थी को **"Save & Pay Fee"** बटन पर क्लिक करना होगा।

## चरण 3 : शुल्क भुगतान

3.1 अभ्यर्थी को **कॉमन एलाइड एवं हेल्थकेयर स्नातक प्रवेश–2026** का सफलतापूर्वक पंजीकरण फॉर्म भर लेने के पश्चात् निर्धारित पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने के लिए "***Pay Fee for Allied & Healthcare Bachelor"*** बटन पर क्लिक करना होगा।

3.2 "***Pay Fee for Allied & Healthcare Bachelor"*** बटन पर क्लिक करने पर अभ्यर्थी को ऑनलाइन भुगतान गेटवे पर ले जायेगा जहाँ वे डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग या यू0पी0आई0 के माध्यम से पंजीकरण शुल्क जमा कर पाएंगे।

a) **भुगतान विफल होने की स्थिति में अभ्यर्थी दोबारा भुगतान कर सकता है। अभ्यर्थी को अंतिम भुगतान के असफल प्रयास का संदेश प्राप्त होने के बाद ही नये भुगतान का प्रयास करना चाहिए या किसी भी दशा में यदि कोई संदेश प्राप्त नहीं हुआ है तो अभ्यर्थी को आगे कोई भी भुगतान करने से पहले 30 मिनट तक इंतजार करना चाहिए।**

b) **महत्वपूर्ण : शुल्क जमा करते समय एक से अधिक बार भुगतान करने की स्थिति में, रिफंड उस स्रोत पर किया जाएगा जहां से मूल रूप से भुगतान किया गया था।**

c) पंजीकरण फॉर्म भरने के लिए नवीनतम सफल भुगतान को ही मान्य किया जाएगा तथा अभ्यर्थी का यदि कोई पुराना भुगतान शेष है तो पुराना भुगतान उसी स्रोत के बैंक खाते पर उसे वापस कर दिया जायेगा।

d) अभ्यर्थी द्वारा सफलतापूर्वक भुगतान करने के पश्चात् भुगतान की रसीद पोर्टल पर अभ्यर्थी लॉगिन से प्राप्त होगी।

## चरण 4 : अन्तिम फॉर्म सबमिशन

4.1 पोर्टल के माध्यम से भुगतान की सफल पुष्टि के बाद, पंजीकरण फॉर्म स्वचालित रूप से जमा हो जाएगा और पोर्टल पर एक पुष्टिकरण संदेश दिखाया जाएगा।

4.2 आपका पंजीकरण फॉर्म अन्तिम रूप से जमा होने के बाद स्क्रीन पर **"your registration form has been successfully submitted"** संदेश दिखाई देगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आपके पंजीकरण फॉर्म के अंतिम रूप से जमा होने की पुष्टि के लिए आपको यह संदेश प्राप्त हो। जब तक अभ्यर्थी यह संदेश नहीं देख लेता उसे अपना पंजीकरण फॉर्म अन्तिम रूप से जमा नहीं मानना चाहिए।

4.3 पंजीकरण फॉर्म सफलतापूर्वक जमा करने के पश्चात् अभ्यर्थी को उसके पंजीकृत ई–मेल पर एक पुष्टिकरण ई–मेल भेजा जायेगा।

4.4 अभ्यर्थी पंजीकरण शुल्क सफलतापूर्वक जमा करने के बाद **प्रिंट** बटन पर क्लिक करके अंतिम रूप से जमा किये गय पंजीकरण फॉर्म को डाउनलोड कर सकता ळें

# मेरिट

a) मेरिट के परिणाम की घोषणा की तिथि **अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, उ0प्र0, लखनऊ** की अधिकारिक वेबसाइट **(www.abvmuup.edu.in)** पर घोषित की जायेगी।

b) 12वीं कक्षा की परीक्षा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान (पीसीबी) में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जायेगी। एक संयुक्त मेरिट सूची और श्रेणीवार मेरिट–सूची भी तैयार की जायेगी। बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री/बी.एएसएलपी के लिए, 12वीं कक्षा की परीक्षा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान/गणित/कंप्यूटर विज्ञान/सांख्यिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स/मनोविज्ञान में प्राप्त कुल अंकों की मेरिट पर आधारित होंगे।

c) **समान अंक प्राप्त करने में मेरिट का निर्धारण :**

इण्टरमीडिएट (12वीं) परीक्षा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान (पीसीबी)/गणित/कंप्यूटर विज्ञान/सांख्यिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स/मनोविज्ञान में यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थी समान अंक प्राप्त करते हैं तो उस स्थिति में मेरिट का निर्धारण निम्न प्रकार से होगा :

1. अभ्यर्थी जिसने इण्टरमीडिएट (12वीं) परीक्षा में जीव विज्ञान (वनस्पति विज्ञान और जन्तु विज्ञान)/गणित/कम्प्यूटर विज्ञान/सांख्यिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स/मनोविज्ञान में ज्यादा प्राप्त अंक प्राप्त किये हैं।
2. इसके पश्चात् ऐसे अभ्यर्थी जिसने इण्टरमीडिएट (12वीं) परीक्षा में रसायन विज्ञान में ज्यादा अंक प्राप्त किये हैं।
3. इसके पश्चात् ऐसे अभ्यर्थी जिसने इण्टरमीडिएट (12वीं) परीक्षा में भौतिक विज्ञान में ज्यादा अंक प्राप्त किये हैं।
4. इसके पश्चात् ऐसे अभ्यर्थी जिसने इण्टरमीडिएट (12वीं) परीक्षा में अंग्रेजी में ज्यादा अंक प्राप्त किये हैं।
5. अधिक आयु।
6. हाई स्कूल (10वीं) परीक्षा में प्राप्त अंक प्रतिशत।

## काउन्सलिंग प्रक्रिया :

काउन्सलिंग का विवरण मेरिट के घोषित होने के बाद अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

## प्रवेश :

a. कालेज का चयन और आवंटन मेरिट सूची के आधार पर काउन्सलिंग द्वारा किया जायेगा।
b. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने एलाइड एवं हेल्थकेयर स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अर्हता प्राप्त कर ली है वे विश्वविद्यालय द्वारा दी गई तिथि में निर्धारित शुल्क जमा करेंगे। निर्धारित शुल्क न जमा होने की स्थिति में वह पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अर्ह नहीं होंगे।
c. अभ्यर्थी निर्धारित समय में ही पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकेगा।

## महत्वपूर्ण नोट :

- **किसी भी विवाद की स्थिति में माननीय कुलपति, एबीवीएमयू, उ0प्र0, लखनऊ का निर्णय अंतिम होगा।**
- **किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र, मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, लखनऊ खण्डपीठ, लखनऊ होगा।**
- **सूचना बुलेटिन में किसी भी विवाद या विसंगति की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण को सही माना जायेगा।**

# प्रवेश प्रक्रिया के लिए विभिन्न बोर्डों में अंकों के मानकीकरण की विधि

इस पद्धति में जेड–स्कोर सामान्यीकरण शामिल है, जो संबंधित बोर्ड के माध्य और मानक विचलन के आधार पर व्यक्तिगत अंकों को मानकीकृत करता है।

रीस्केलिंग प्रक्रिया में निम्नलिखित विधि का उपयोग किया जाता है:

प्रत्येक छात्र के रॉ स्कोर ($X_{ij}$) को निम्न विधि का उपयोग करके मानकीकृत स्कोर ($S_{ij}$) में परिवर्तित किया जाता है:

$$S_{ij} = \mu + [(X_{ij} - \mu_i) / \sigma_i ] \times \sigma$$

जहाँ $\mu_i$, $i^{th}$ बोर्ड के अंकों का माध्य तथा $\sigma_i$ उसी बोर्ड के अंकों का मानक विचलन है ($j^{th}$ अभ्यर्थी के लिए)। $\mu$ और $\sigma$ क्रमशः रॉ स्कोर का अधिकतम माध्य और अधिकतम माध्य वाले स्कोर का मानक विचलन हैं, जिन्हें संदर्भ माध्य और संदर्भ मानक विचलन माना जाता है। इस विधि के माध्यम से, अभ्यर्थियों का मूल्यांकन उनके निरपेक्ष अंकों के बजाय उनके बोर्ड के भीतर उनके सापेक्ष प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है।